# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के मोबाइल पार्ट्स के साथ 01 अभियुक्त को बरामद कर अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में दिनांक 15.07.2026 को रात्रि में अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस व SSB लीलाडिहवा के द्वारा विभिन्न प्रकार के मोबाइल पार्ट्स के साथ 01 अभियुक्त को सीमा स्तम्भ संख्या 543/34 में चेकिंग के दौरान बरामद किया गया बरामद सामान को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

1.लवकुश पुत्र महंत ग्राम बरगदवा पश्चिम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**

1.मुख्य आरक्षी आत्मानंद यादव चौकी ककरहवा थाना मोहाना
2.आरक्षी अनुराग तिवारी चौकी ककरहवा थाना मोहाना
3.मुख्य आरक्षी अजीत कुमार एसएसबी लीलाडिहवा
4.आरक्षी राजाराम वर्मा एसएसबी लीलाडिहवा
5.आरक्षी प्रणव कुमार सिंह एसएसबी लीलाडिहवा
6.आरक्षी प्रदीप एसएसबी लीलाडिहवा

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भीटा नानकार की महिलाओं/ बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भीटा नानकार की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम -**

1.उ0नि0 कृष्णकुमार पाण्डे
2.उ0नि0 तालीमुद्दीन खाँ
3.हे0का0 धनंजय दुबे
4.रि0म0आ0 क्रान्ति

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, भरौली की छात्राओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में जागरूक महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित "मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण" अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 16.07.2026 को थाना ढेबरुआ की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, भरौली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल की छात्राओं एवं बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों, घरेलू हिंसा, छेड़खानी, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उनसे बचाव के उपाय एवं हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी भी दी गई।मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न होने पर वे 1090 महिला हेल्पलाइन, 181, 112, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर तत्काल सूचना दे सकती हैं। साइबर अपराध से बचाव हेतु 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं cybercrime.gov.in पोर्टल के बारे में भी अवगत कराया गया।टीम द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के टिप्स दिए गए तथा "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" एवं महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षिकाएं एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं ने जागरूकता सत्र में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढेबरुआ-**

1.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा
2.का0 राजकिशोर
3.रि0म0आ0 दीपिका तिवारी
4. रि0म0आ0 लक्ष्मी

## प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 16.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 06 भूमि विवाद, 02 पारिवारिक, 01 मारपीट व शेष 02 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालयभेजा ।**

डा0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण मे, अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 16.07.2026 को मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रथम सिद्धार्थनगर द्वारा निर्गत एनबीडब्लु वारण्ट से सम्बन्धित वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरणः -**

1.अब्दुल रज्जाक पुत्र अली रजा निवासी सालेपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1. उ0नि0 मुन्नीलाल थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
2. हे0 का0 उमेश चन्द थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अजगरा में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 16.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अजगरा में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर –**

1.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय
2.हे0का0 अनिल चौहान
3.म0का0 खुशबू सिंह
3.म0का0 कालिंदी यादव

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के गढ़कुल तिराहा पर मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी ग यी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 16.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के गढ़कुल तिराहा पर मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.हे0का0 अविनाश सिंह

02.म0का0 उर्मिला देवी

03.म0का0 अनीता

04.म0आ0 सीमा यादव

## प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा महिला को तलाश कर उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया।**

आज दिनांक 16.07.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान व गुमशुदा बरामदगी" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में अभय सिंह थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 16.07.2026 को थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा जुगराफिया पुत्री शाहअली उम्र करीब 19 वर्ष निवासी दोहनी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर जो दिनांक 09.07.2025 को घऱ से नाराज होकर बिना बताये कही चली गयी थी। जिस सम्बन्ध मे गुमशुदा के पिता द्वारा दिनांक 12.07.2025 को थाना जोगिया उदयपुर मे गुमशुदगी दर्ज कराया था जिसपर थाना स्थानीय पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये गुमशुदा जुगराफिया पुत्री शाहअली उम्र करीब 19 वर्ष निवासी दोहनी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर को काफी खोजबीन, कर सकुशल बरामद कर गुमशुदा के पिता शाहअली पुत्र साबिर अली निवासी दोहनी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर को सुपुर्द किया गया। जोगिया उदयपुर की पुलिस का गुमशुदा महिला के परिजनो द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामद करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 आनन्द कुमार शाही थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

02.का0 सुधान्सु सिंह थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

03.म0का0 पूजा यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

04.म0का0 सुशीला कुशवाहा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

## प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ससुरालीजन द्वारा पीड़िता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व हत्या करके शव को घर में ही दफना (छिपा) देने के आरोप में वांछित 03 नफर अभियुक्तगण को थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 162/2026 धारा 80(2),85,238(b)बी0एन0एस0 व ¾ डीपी एक्ट से सम्बन्धित 03 नफर वाछिंत अभियुक्तगण को आज दिनांक 16.07.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया l

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण--**

01.शमशेर पुत्र नीबर

02.नीबर पुत्र स्व0 सफई

03.खुशबून पत्नी नीबर निवासीगण चकमझारी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण--**

01.उ0नि0 श्री अकरम खान थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 राम भजन गौड थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आरक्षी अमन प्रतीक दूबे, आदित्य पाण्डेय थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

05.रि0म0का0 नीशू थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम जोगिया उदयपुर की महिलाओ/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 16/07/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष अभय सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत ग्राम जोगिया उदयपुर थाना जोगिया उदयपुर में मिशन शक्ति/जनचौपाल व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/ महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 आनंदकुमार शाही

02.म0का0पूजा यादव

03.म0हो 0 अमिता

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में महिलाओं/बच्चियों को थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर चलाया गया जागरुकता अभियान।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ अभिषेक महाजन द्वारा "महिला सशक्तिकरण एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 16/07/2026 को थानाध्यक्ष रामदेव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे मु0आ0 विनोद कुमार, म0आ0 चांदनी मिश्रा द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग की गई और ग्राम सेमरी जाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में तथा हेल्पलाईन नं0 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा "नये आपराधिक कानूनों/साइबर जागरुकता/मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण/"नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान के तहत् पूर्व माध्यमिक विद्यालय कठेला ग्रांट ब्लॉक इटवा मे जन चौपाल लगाकर बालक, बालिकाओं व अध्यापक अध्यापिकाओं को जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय माता के नेतृत्व में आज दिनांक 16.07.2026 को "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0/मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत उदघोष नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन मिशन के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय कठेला ग्रांट ब्लॉक इटवा मे मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण का "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान" उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के तहत बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित एकत्रित महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन व अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/ अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन/ यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन/108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन/102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए)/101 अग्निशमन हेल्पलाइन/1930 साइबर हेल्पलाइन/14567 एल्डर हेल्पलाइन/नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम नउवा में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर चौपाल में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 16.07.2026 को थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम नउवा में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी  तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपद में संचालित ZFD योजना एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क दुर्घटना मे कमी लाये जाने के उद्देश्य से यातायात नियमों की अनदेखी कर फर्राटा भर रहे वाहनों का सुसंगत धाराओं में किया गया चालान एवं पी.ए. सिस्टम के माध्यम से आमजनमानस को किया गया जागरूक।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार ZFD योजना एवं सड़क सुरक्षा अभियान के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात राजकुमार सिंह के निर्देशन मे प्रभारी यातायात अजय कुमार सिंह यादव के कुशल नेतृत्व में देवेंद्र कुमार पाण्डेय एवं यातायात पुलिस की टीम द्वारा आज दिनांक 16.07.2026 को लोहरौली बॉर्डर (शिवनगर डिड़ई), बांसी कस्बा, पुलिस बूथ तिराहा, साड़ी तिराहा, सनई चौराहा, शहर कस्बा आदि स्थानों पर यातायात नियमों का पालन न करने वाले, सड़क किनारे अवैध पार्किंग वाहन, प्रेसर हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग कर ध्वनि प्रदूषण कर रहे वाहनों का एमवी एक्ट की सुसंगत धाराओं में कुल 53 वाहनों से ₹84,500/- का चालान किया गया एवं "जानकारी ही बचाव है" की तर्ज पर पी. ए. सिस्टम के माध्यम से ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी, सड़क सुरक्षा संबंधी बरतने वाली विशेष सावधानियां,दुर्घटना में घायलों की मदद करने के संबंध में गुड समेरिटन योजना, अव्यस्क द्वारा वाहन चलाने संबंधित प्रावधान, रोड पर स्टैंटबाजी, तेज गति एवं गलत दिशा से वाहन चलाने आदि से होने वाले नुकसान का प्रचार-प्रसार किया गया एवं प्रत्येक दशा में ट्रैफिक नियमों के अनुपालन हेतु प्रेरित किया गया एवं पम्पलेट्स वितरण किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा  जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर नेपाल बार्डर से हो रही विभिन्न प्रकार की तस्करी के प्रभावी रोकथाम व सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में बैठक किया गया।**

**◆संबन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 16.07.2026 को जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा एस0एस0बी0, कस्टम के साथ जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में नेपाल बार्डर पर हो रही विभिन्न प्रकार की तस्करी के प्रभावी रोकथाम हेतु बैठक किया गया। बैठक के दौरान मादक पादर्थो व विभिन्न प्रकार की तस्करी के तरीकों के सम्बन्ध मे अभिसूचनाओं के आदान-प्रदान, अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों का व्यपवर्तन तथा प्रतिबन्धित दवाओं का दुरुपयोग एवं तस्करी तथा नशामुक्ति के सम्बन्ध में आमजन को जागरुक करने, बार्डर पर गश्त/चेकिंग इत्यादि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा यातायात, सड़क दुर्घटना रोकने हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, क्षेत्राधिकारी बांसी तथा बार्डर के थानो के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, प्रभारी यातायात सहित विभिन्न विभागो के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मोहाना सीसी टीम द्वारा सड़क दुर्घटना रोकने के उद्देश्य से थानाक्षेत्र के कस्बा बर्डपुर में चौपाल लगाकर जन जागरुकता अभियान चलाकर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना स्थानीय सीसी टीम द्वारा यातायात, सड़क दुर्घटना रोकने के उद्देश्य अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 16.07.2026 को थानाक्षेत्र के कस्बा बर्डपुर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को सड़क दुर्घटना रोकने व यातायात के नियमों व शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए यातायात के नियमों के बारे जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना शोहरतगढ़ पुलिस की प्रभावी पैरवी नाबालिग का अपहरण/दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व ₹30,500/- के अर्थदण्ड तथा अपहरण के आरोपी को 04 वर्ष के कठोर कारावास व ₹10,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 16.07.2026 को वाद सं0-01/2021 मु0अ0सं0- 273/2020 धारा 363, 366, 376(D), 506 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट, 3(2)5, 3(1)w(i) Sc/st एक्ट थाना शोहरतगढ़ में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार, एएसजे /एसपीएल/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01. वकील खॉ पुत्र मो0 अली निवासी छतहरी थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 376(D) की सपठित धारा 3/4 पाक्सो एक्ट, 366, 363, 506 भादवि में 10 वर्ष के कठोर कारावास व ₹30,500/- व 02.अरमान पुत्र मोहम्मद अजीम खान निवासी गड़ाकुल थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 363,366,506 भादवि में 04 वर्ष के कठोर कारावास व ₹10,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी उदय साहनी थाना शोहरतगढ़ का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 16.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में की गयी अपराध गोष्ठी।**

**◆अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण, आगामी त्यौहार श्रावण मास के दृष्टिगत शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 16.07.2026 को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी किया गया। अपराध गोष्ठी की शुरुआत में समस्त थानो के पैरवीकार के साथ माननीय न्यायालय में विचाराधीन अभियोगों मे प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाये जाने के सम्बन्धित 12 बिन्दुओं पर गोष्ठी की गयी।

इसके बाद थानो के मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों के साथ मिशन शक्ति अभियान के तहत बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर चौपाल में महिलाओं /बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे जागरूकता अभियान/अन्य कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

इसके बाद महोदय द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग प्रभारियों के साथ अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान की समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गयें।

तत्पश्चात महोदय द्वारा सैनिक सम्मेलन कर अधिकारी/कर्मचारीगण के शिकायतो के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा आगामी त्यौहार श्रावण शिवारत्रि, श्रावण मास के दृष्टिगत कृत कार्यवाही की समीक्षा तथा शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिह्नित अभियोगों की समीक्षा, सम्पत्ति व महिला उत्पीड़न सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों में कृत कार्यवाही, गुमशुदा/लापता व बरामदगी हेतु शेष बच्चो की बरामदगी के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही तथा लम्बित मुकदमों में एकत्रित साक्ष्य एवं गुण-दोष के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने व गैगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही तथा बीपीओ द्वारा अंकित कराये गये बीट सूचना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा IGRS, CCTNS के सम्बन्ध में मुख्यालय द्वारा जारी रैकिंग की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा आई0जी0आर0एस0 व NCRP पोर्टल पर साइबर अपराध से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतो/प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आदि बिन्दुओ की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी अग्नि शमन, अभियोजन अधिकारी, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक प्रज्ञान शाखा, निरीक्षक रेडियो शाखा, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, आशुलिपिक पुलिस अधीक्षक, वाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी यू0पी0-112, मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी, न्यायालय पैरवीकार, कम्युनिटी टीम प्रभारी, समस्त शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।